**Media Release**

## उद्यमिता विकास संस्थान में डॉ. वी जी पटेल मेमोरियल व्याख्यानमाला का आयोजन, व्याख्यानमाला की पांचवी कड़ी में प्रसिद्ध उद्यमी पिरुज़ खंबाटा ने व्यक्त किए विचार

- 'एंटरप्रेन्योर – ए नेशन बिल्डर' विषय पर आयोजित किया गया श्रृंखला का पाँचवा व्याख्यान
- इस अवसर पर राष्ट्रीय उद्यमिता प्रशिक्षक/शिक्षक/संरक्षक पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

अहमदाबाद, **6** सितंबर, **2023-** रसना ब्रांड को पहचान देने वाले प्रसिद्ध उद्यमी श्री पिरुज खंबाटा ने आज भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद द्वारा आयोजित वार्षिक डॉ. वी जी पटेल मेमोरियल व्याख्यान दिया।

श्रृंखला का पाँचवाँ व्याख्यान ईडीआईआई परिसर में आयोजित किया गया। व्याख्यान का विषय 'एंटरप्रेन्योर – ए नेशन बिल्डर' रखा गया था।

ईडीआईआई ने **4** अप्रैल, **2019** को अपने संस्थापक पद्म श्री डॉ. वी जी पटेल को खो दिया। उद्यमिता के क्षेत्र में डॉ. पटेल के महान कार्य की स्मृतियों के तौर पर संस्थान ने **2019** में एक वार्षिक व्याख्यान श्रृंखला शुरू की। उद्यमिता बिरादरी उन्हें देश में उद्यमिता आंदोलन के अग्रणी के रूप में पहचानती है। डॉ. वी जी पटेल ने भारत के भीतर और विश्व स्तर पर उद्यमिता का प्रचार करने के लिए खुद को प्रतिबद्ध किया। वह न केवल पूरे भारत में उद्यमिता को लेकर विश्वसनीयता का माहौल स्थापित करने में सफल रहे, बल्कि **1983** में उन्होंने राष्ट्रीय संसाधन संस्थान, ईडीआईआई की स्थापना भी की।

डॉ. सुनील शुक्ला ने उद्यमिता की अवधारणा को शुरू करने और इसे बढ़ावा देने के साथ देश के आर्थिक विकास में डॉ. पटेल के असाधारण योगदान को याद करते हुए उन्हें हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, "प्रारंभिक तौर पर लोगों को इस बात में संदेह था कि उद्यमिता को कैरियर के एक विकल्प के रूप में भी अपनाया जा सकता है। आज उद्यमिता को विकास यात्रा के लिए एक जरूरी घटक माना जा सकता है। जाहिर है कि यहां तक उद्यमिता ने एक लंबी यात्रा तय की है। मुझे डॉ. वी.जी. पटेल द्वारा मार्गदर्शन पाकर और इस आंदोलन का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। आज देश अर्थव्यवस्था, राष्ट्र और लोगों को होने वाले फायदे को देखते हुए उद्यमियों और उद्यमिता पर जोर दे रहा है। मुझे खुशी है कि इस अनुशासन को यह मान्यता मिली है और ईडीआईआई उद्यमिता के व्यापक प्रसार के माध्यम से विकास की इस प्रक्रिया में सार्थक योगदान दे रहा है।' '

व्याख्यानमाला में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री पिरुज़ खंबाटा ने कहा, "मुझे खुशी है कि ईडीआईआई डॉ. वी जी पटेल मेमोरियल व्याख्यान श्रृंखला में अपने **5**वें व्याख्यान का आयोजन कर रहा है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर आना और यहां अपने विचार व्यक्त करना मेरे लिए सम्मान की बात है। डॉ. पटेल एक महान व्यक्तित्व के धनी और एक सच्चे दूरदर्शी थे जिन्होंने न केवल हमारे देश में उद्यमिता की शुरुआत की, बल्कि इसके माध्यम से आत्मनिर्भरता के मूल्यों को भी स्थापित किया। आज

स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे मिशन बहुत लोकप्रिय हैं, लेकिन डॉ पटेल ने बहुत पहले ही इनके महत्व को पहचान लिया था। इस अवसर पर मैं ईडीआईआई को उनकी सभी भावी पहलों के लिए शुभकामनाएं देता हूं।' '

इस अवसर पर उद्यमिता प्रशिक्षक/शिक्षक/मेंटर **2023** के लिए डॉ. वी जी पटेल राष्ट्रीय मेमोरियल पुरस्कार के विजेता की भी घोषणा की गई।

**<u>उद्यमिता प्रशिक्षक/शिक्षक/संरक्षक के लिए डॉ. वी.जी. पटेल मेमोरियल पुरस्कार के बारे में</u>**

**2020** में, ईडीआईआई ने उद्यमिता के क्षेत्र की दिग्गज हस्ती डॉ. वी.जी. पटेल को सम्मानित करने के लिहाज से उद्यमिता प्रशिक्षक/शिक्षक/संरक्षक के लिए डॉ. वी.जी. पटेल मेमोरियल अवार्ड की स्थापना की। डॉ. वी.जी. पटेल ने उद्यमिता आंदोलन को कायम रखने के लिए उद्यमी प्रशिक्षक-प्रेरक के एक कैडर की स्थापना के महत्व पर जोर दिया था। डॉ. पटेल ने पेशेवरों के इस कैडर को उद्यमिता विकास आंदोलन की रीढ़ बताया। यह राष्ट्रीय पुरस्कार इनोवेशन और टैक्नोलॉजी द्वारा संचालित नए उद्यमों के प्रचार-प्रसार में एक प्रशिक्षक/शिक्षक/संरक्षक के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है। अपने निर्णय पर पहुंचने से पहले उच्च-स्तरीय पुरस्कार समिति महत्वपूर्ण मूल्यांकन मापदंडों और व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर त्रि-स्तरीय चयन प्रक्रिया का पालन करती है। पुरस्कार में एक प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार शामिल है। वर्ष **2020, 2021** और **2022** के पुरस्कार विजेताओं में शामिल हैं-

- डॉ. प्रदीप कुमार मिश्रा, प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ केमिकल इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी, आईआईटी (बीएचयू) और सचिव और समन्वयक, मालवीय सेंटर ऑफ इनोवेशन, इनक्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप, आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी (**2020)**
- डॉ. फराहनाज़ रसूल, उप निदेशक एक्सटेंशन ट्रेनिंग्स, विस्तार निदेशालय, शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कश्मीर, श्रीनगर (**2020)**
- श्री सुनील चांडक, अध्यक्ष, उद्योगवर्दिनी शिक्षा संस्थान, नासिक, महाराष्ट्र (**2021)**
- डॉ. वेंकटेश बाबू, डीन, भरत इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च, तमिलनाडु (**2021)**
- श्री मृत्युंजय सुआर, सीईओ, केआईआईटी टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर, ओडिशा (**2022)**
- इस वर्ष (**2023)** यह पुरस्कार टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई के प्रोफेसर और डीन डॉ. सत्यजीत मजूमदार को प्रदान किया गया।

डॉ. सत्यजीत मजूमदार उद्यमिता और सामाजिक उद्यमिता के क्षेत्र के अग्रणी विशेषज्ञ हैं। वह मुंबई में टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस) में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड लेबर स्टडीज के डीन हैं।

पिछले दो दशकों में, डॉ. मजूमदार ने उद्यमिता के विकास में, विशेषकर सामाजिक क्षेत्र में, महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने **350** से अधिक स्टार्टअप का मार्गदर्शन किया है, जिनमें जम्मू-कश्मीर में **40** और झाबुआ, पश्चिम बंगाल में समूह स्टार्टअप शामिल हैं। उन्होंने टिआईएसएस में उद्यमिता के लिए एक इको सिस्टम के निर्माण में भी मदद की है, जिसमें **2012** में एक अलग उद्यमिता सेल की स्थापना भी शामिल है।

इस वर्ष प्राप्त **378** नामांकनों में से उनका चयन किया गया।

**<u>About Entrepreneurship Development Institute of India (EDII)</u>**

The Entrepreneurship Development Institute of India (EDII), Ahmedabad was set up in 1983 as an autonomous and not-for-profit Institute with support of apex financial institutions - the IDBI Bank Ltd., IFCI Ltd., ICICI Bank Ltd. and State Bank of India (SBI). The Government of Gujarat pledged twenty-three acres of land on which stands the majestic and sprawling EDII Campus. EDII has been recognized as the CENTRE OF EXCELLENCE by the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship, Govt. of India. The Institute has also been listed as the Institute of National Importance by the Education Department, Govt. of Gujarat. For more information visit: www.ediindia.org

The institute trains 80,000 to 1,00,000 potential entrepreneurs annually across the country and reaches out to more than 25000 MSMEs nationally.

**<u>For more information, contact:</u>**

Nirupam Banerjee, Adfactors PR: 9825984727
Hiral Oza, Adfactors PR: 7043901987